पत्रिका

# नकली खाद बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश, अवैध शराब पैकिंग और बड़े ब्रांड की खाली बोतलें भी मिलीं



छतरपुर. महोबकंठ थाना पुलिस ने यूपी के महोबा जिले के चौका गांव में नकली खाद बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। यहां पर कई बोरी नकली खाद बरामद की है, जिसे बड़ी नामी कंपनियों के नाम से पैक किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर फैक्ट्री को सील कर दिया है। मौके से देशी और विदेशी शराब की पैकिंग व बड़े ब्रांड की खाली बोतलें भी मिली हैं, ऐसे में आशंका है कि यहां नकली शराब बनाकर बड़े ब्रांड की बोतलों में भरकर भी बेची जा रही हो। इस संबंध में पुलिस की जांच जारी है, जल्द ही बड़ा खुलासा हो सकता है।

50 बोरी नकली खाद जब्त

महोबकंठ थाना प्रभारी गणेश गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चौका गांव में एक मकान में नकली खाद बनाई जा रही है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को गांव के प्राथमिक स्कूल के पास स्थित मकान में छापा मारा। यह मकान मूलचंद्रपाल का था। इस छापे में पुलिस को 40 से 50 भरी हुई बोरियां, खाली बोरियां और सिलाई मशीन बरामद हुई । इन बोरियों पर नामी कंपनियों के खाद के नाम छपे हुए थे, जैसे डीएपी, एनपीके, अन्नदाता जिंक और पोटाश । मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

Source: https://www.patrika.com/null/fake-fertilizer-manufacturing-factory-exposed-illegal-liquor-packing-and-empty-bottles-of-big-brands-also-found-19141163